राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
मो॰–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के निधन पर शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 16 अगस्त 2018

महामहिम राज्यपाल श्री सत्य पाल मलिक ने पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी के निधन पर अपनी गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल ने अपने शोकोद्गार में कहा है कि अटल जी भारतीय राजनीति के अजातशत्रु थे। उनकी विद्वता तथा कवित्वपूर्ण भाषण–शैली में अद्भुत और अद्वितीय सम्मोहन–क्षमता थी। चार दशकों से भी अधिक समय तक भारतीय राजनीति के प्रकाश–पुंज बने रहनेवाले स्व॰ अटल जी आगामी कई युगों तक भारतीय जन–मानस के हृदय–सम्राट बने रहेंगे। उनके मित्र और प्रशंसक सभी दलों में रहे, जो उनके साथ बराबर सम्मानपूर्वक व्यवहार करते थे। अटल जी दलगत सीमाओं से परे सबके बीच सम्पूज्य थे। विश्व राजनीति में भी गहरी पैठ रखनेवाले अटल जी ने अपनी विदेश–नीति से भारत को काफी प्रतिष्ठा दिलायी। पूरा विश्व उनकी सदाशयता और मैत्री–भावना से प्रेरित–प्रभावित रहता था। अटल जी के रूप में भारत–माता ने अपना एक ऐसा प्रखर तेजस्वी, ओजस्वी, यशस्वी और महान राष्ट्रभक्त सपूत खो दिया है, जो सम्पूर्ण भारतवर्ष के हर वर्ग में समान रूप से लोकप्रिय था। यह सर्वग्राह्यता और लोकप्रियता उन्हें किसी विरासत में नहीं मिली थी, बल्कि यह उन्हें अपनी कठिन साधना, त्याग, संघर्ष और सौहार्दपूर्ण व्यवहार की बदौलत हासिल हुई थी। आज पूरा देश अटल जी के अवसान से अपार शोक में डूब गया है। दुःख की इस घड़ी में अटल जी की प्रेरणादायी वाणी ही हृदय–पटल पर कौंध कर हमारा आत्मविश्वास जगाती है– **''कदम मिलाकर चलना होगा।''** अटल जी अब भले ही सशरीर हमारे बीच नहीं हैं, परन्तु उनकी यशःकाया युगों तक अमिट–अटल बनी रहेगी और भारत को ऊर्जस्वित और देदीप्यमान बनाये रखने हेतु हम सबको अभिप्रेरित और आशीर्वादित करती रहेगी।

राज्यपाल श्री मलिक ने दिवंगत राजनेता की आत्मा को चिरशांति तथा उनके शोक–संतप्त पारिवारिक जनों एवं लाखों प्रशंसकों को असीम दुःख की इस घड़ी में धैर्य–धारण की क्षमता प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

....